प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 14.04.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

थाना कबरई पुलिस टीम ने मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध की कठोर कार्यवाही...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में आमागी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के क्रम में दिनांक 13.04.2021 को थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने अभियान में सम्मिलित होकर मुखबिर की सूचना पर **ग्राम मकरबई से 03 अदद झाल प्लास्टिक की जिसमें 495 अदद पोलिस्टर की साड़ियां बरामद की गयी, जिनका प्रयोग करके मतदाताओं को प्रलोभन दिया जा रहा था व पंचायत चुनाव को प्रभावित किया जा रहा था** के साथ 03 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. चन्द्रपाल पुत्र माता दीन राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जिला महोबा 2. मन्नूलाल कुशवाहा पुत्र छुटवाई कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी मिल्कीपुरा कस्वा थाई थाना कोतवाली महोबा 3. पवन पुत्र बैशाखी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मु0 सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर महोबा को गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 127/2021 धारा 171 ई भादवि पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण...

1. चन्द्रपाल पुत्र माता दीन राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई
2. मन्नूलाल कुशवाहा पुत्र छुटवाई कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी मिल्कीपुरा कस्वा थाई
3. पवन पुत्र बैशाखी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मु0 सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर

गिऱफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 ब्रम्हादीन 2. कां0 सचिन कुमार 3. कां0 हरीओम
4. कां0 अवनेश कुमार 5. कां0 सुनील कुमार प्रथम
6. म0कां0 मनीषा पटेल 7.म0कां0 अनुराधा पटेल।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 14.04.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

थाना कबरई पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...

जनपद में आमागी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में शराब के अवैध कारोबार पर नियन्त्रण व उसमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 13.04.2021 को थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने अभियान में शामिल होकर ग्राम खरका पहरा मोड के पास से 05 गत्तो मे भरी 217 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब (दिल से ब्राण्ड) व उसी मे से 04 अदद क्वार्टर ठेका देशी अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. राकेश पुत्र रमेश यादव उम्र 35 वर्ष निवासी कुलकुवा थाना खन्ना जिला महोबा 2. रामप्रसाद पुत्र साधू कोरी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रैवारा थाना कबरई जिला महोबा व एक अदद मोटरसाइकिल नं0 UP 95 C 2646 को बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 128/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र
2. नि0 सुरेन्द्र शुक्ला 3. कां0 मनीष कुमार 4.कां0 राघवेन्द्र कुमार

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण...

1. राकेश पुत्र रमेश यादव उम्र 35 वर्ष निवासी कुलकुवा थाना खन्ना जिला महोबा
2. रामप्रसाद पुत्र साधू कोरी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रैवारा थाना कबरई जिला महोबा

Mahoba Police

मतदान से पूर्व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

जनता निर्भीक होकर करे अपने मताधिकार का प्रयोग- एसपी

आज दिनाँक 14.04.2021 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम मय पुलिस बल के साथ दिनाँक 15.04.2021 को पहले चरण के होने वाले पंचायत चुनाव मतदान के लिए पोलिंग पार्टी के रवानगी स्थल एवं सम्पूर्ण जनपद में भ्रमण कर मतदान स्थलों की चेकिंग की गई एवं वहाँ उपलब्ध पोलिंग पार्टियों/सुरक्षा बलो से वार्ता कर कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए मतदान कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने सम्बन्धी आदि दिशा-निर्देश दिये गये।

क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह मय पुलिस बल के साथ सर्किल के गाँवों में भ्रमण कर मतदान केन्द्रों को चेक किया गया एवं चुनाव सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिये गये।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 14.04.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्ष मय फोर्स के मतदान केन्द्रों पर जाकर वहाँ उपस्थित पुलिस बल/पोलिंग पार्टियों को चेक किया गया एवं उनके रहने खाने की व्यवस्था को देखा गया।

महोबा पुलिस

मतदान से पूर्व आयुक्त श्री दिनेश कुमार सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूट धाम, बाँदा श्री के0 सत्यनारायण द्वारा थाना क्षेत्र कबरई पहुँचकर मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया एवं पुलिस बल व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।